कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी
बरेली संभाग, बरेली।

संख्या 228/20– गति सीमा मार्गवार/2019 बरेली:दिनांक जून 04 , 2020

सेवा में,

अपर परिवहन आयुक्त(स0सु0)
उत्तर प्रदेश।

**विषयः–मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक दिनांक 1–06–2019 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में शहरी क्षेत्र को छोड़कर अवशेष सभी आवश्यक मार्गो पर गति निबन्धन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने कार्यालय पत्र संख्या 464 स0सु0/2020–44 स0सु0/2014–19 दिनांक 04–03–2020 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) की अधिसूचना संख्या 1377 दिनांक 06–04–2018 में दिये गये मानक के अनुरूप की गयी कार्यवाही की प्रगति सम्बन्धी सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में गति सीमा सम्बन्धी अधिसूचना इस कार्यालय के पत्र संख्या 223/20–गति सीमा मार्गवार/2019 दिनांक 03–06–2020 द्वारा निर्गत कर दी गयी है। जारी अधिसूचना की छाया प्रति अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय,

04.06.2020.

(आर0पी0सिंह)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रशासन)
बरेली।

कार्यालय संभागीय परिवहन अधिकारी
बरेली संभाग, बरेली।

संख्या 223 /20– गति सीमा मार्गवार/2019 बरेली:दिनांक जून 03 , 2020

**अधिसूचना**

केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या 59, 1988) की धारा–112 की उपधारा (2) में प्राविधानित है कि यदि राज्य सरकार का या ऐसे किसी प्राधिकारी का जो इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत हो, समाधान हो जाता है कि सार्वजनिक सुरक्षा या सुविधा की दृष्टि से या किसी सड़क या पुल के स्वरूप के कारण यह आवश्यक है कि मोटर यानों की गति परिसीमित की जाए, तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा और धारा 116 के अधीन उचित स्थानों पर समुचित यातायात चिन्ह रखवाकर या लगवाकर मोटर यानों की या किसी विनिर्दिष्ट वर्ग या वर्णन के मोटर यानों की या ऐसे मोटर यानों की जिनके साथ ट्रेलर संलग्न है या तो साधारणतया या किसी विशिष्ट क्षेत्र में या विशिष्ट सड़क या सड़कों के बारे में ऐसी अधिकतम गति सीमाएं या न्यूनतम गति सीमांए नियत कर सकेगी जो ठीक समझे।

उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली–1998 के नियम 178 में वर्णित है कि किसी नगर निगम, नगरपालिका या नगर पंचायत के भीतर पुलिस अधीक्षक और अन्य क्षेत्रों में रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी अपने अपने अधिकारिता क्षेत्र के भीतर किसी क्षेत्र में या किसी सड़क पर गति पर निबन्धन या सामान्तया मोटरयानों या किसी विशिष्ट वर्ग या वर्गो के मोटरयानों के प्रयोग पर निबन्धन या प्रतिषेध का ऐसा आदेश जैसा कि वह उचित समझे दे सकता है, ऐसे आदेश अधिसूचना द्वारा सरकारी गजट में और ऐसे स्थान या मार्ग पर या उसके निकट, जहॉ से लागू होते हैं, सूचना पट्टों के माध्यम से प्रकाशित किये जायेगें।

अतः मोटरयान अधिनियम, 1988 (अधिनियम संख्या–59, 1988) की धारा 112 की उपधारा(2) के साथ पठित उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम–178 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बरेली जनपद होकर निकलने/चलने वाले नगरीय निकायों के अधिकारिता क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में मार्गो या मार्गो के अंश पर संचालन हेतु श्रेणीवार वाहनों की अधिकतम गति सीमा निम्नलिखित तालिकानुसार निर्धारित की जाती है:–

| क्र0 स0 | मार्ग का नाम एवं संख्या | बरेली जनपद में लम्बाई (कि0मी0 में) | यान की श्रेणी अनुसार निबंधित कर निर्धारित की गयी गति सीमा प्रति कि0मी0 (प्रति घण्टा) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | टू व्हीलर/ थ्री व्हीलर/चौपहिया साइकिल | चालक सहित 8 सीटों तक वाले यात्री वाहन | चालक सहित 9 से अधिक सीटों तक वाले यात्री वाहन | समस्त मालयान एवं स्तम्भ 4,5 एवं 6 को छोड़कर अन्य समस्त यात्री यान |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पीलीभीत–बरेली–मथुरा–भरतपुर मार्ग | 25.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 2 | बल्लिया–शीशगढ मार्ग | 17.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 3 | सेमीखेड़ा–बसुधरन–शेरगढ़ मार्ग | 14.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 4 | कनमन इटौआ–शरीफनगर मवई काजियानमार्ग | 10.220 | 50 | 70 | 60 | 60 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | बसुधरन–इटौआ–गिरधपुर मार्ग | 14.750 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 6 | बरा बरौर अन्य जिला मार्ग | 30.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 7 | नवाबगंज–बिजौरिया–कुण्डरा कोठी से बहादुरगंज मार्ग | 10.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 8 | बहेड़ी वाहपुर नदेली मुडिया कालोनी मार्ग से धीमरी ब्रिज नवादा पचपेड़ा फरीदपुर मार्ग | 16.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 9 | खटीमा सितारगंज नैनीताल मार्ग से सिंघनखेड़ मार्ग | 9.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 10 | भेजीपुरा से अग्रास होते हुए रा0मा0–24 शंखा पुल तक | 19.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 11 | आटा माण्डा से धौरा शाही मिर्जापुर होते हुए बल्लिया शीशगढ़ मार्ग तक | 19.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 12 | राजुनगला तिलमाची गिरधरुपर मार्ग | 3.880 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 13 | सिधौली सिहौर वाया सोहना सिहौर होते हुए हल्दीकला मार्ग | 20.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 14 | नवाबगंज शहरी भाग | 3.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 15 | अभयपुर रिठौरा मार्ग | 7.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 16 | भिटौरा बहेड़ी मार्ग | 41.800 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 17 | बहेड़ी वाहपुर नदेली भुडिया कालोनी मार्ग | 16.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 18 | बहेड़ी रम्पुरा मार्ग | 1.950 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 19 | हाफिजगंज का शहरी भाग | 2.420 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 20 | हाफिजगंज सेंथल जादीपुर मार्ग | 17.160 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 21 | मण्डनपुर जवाहरपुर वारिपट्टी होते हुए उद्यमसिंह नगर तक मार्ग | 15.150 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 22 | शीशगढ़ बहेड़ी मार्ग | 20.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 23 | बल्लिया शीशगढ़ मार्ग से रामपुर सीमा तक | 2.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 24 | नवीगंज बीजामऊ कटैया कैमुआ मार्ग | 8.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | रिछा जहानाबाद मार्ग | 14.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 26 | बहेड़ी रूद्रपुर मार्ग | 16.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 27 | बल्लिया शीशगढ़ मार्ग से बिहारीपुर अकीलाबाद होते हुए बसुधरन मार्ग | 14.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 28 | बरेली बागेश्वर मार्ग | 3.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 29 | बहेड़ी बंजरिया मार्ग | 15.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 30 | बहेड़ी मुडिया नवीबक्श मार्ग | 18.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 31 | सेमीखेड़ा देवरनिया बराबरौर मार्ग | 11.986 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 32 | टांडा सादात बरा बरौर मार्ग | 10.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 33 | बरेली पीलीभीत मार्ग से नौआ नगला होते हुए सनेकपुर मार्ग | 9.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 34 | गुरूवारा जोखनपुर पुरैनिया मार्ग | 4.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 34 | बल्लिया शीशगढ़ मार्ग | 9.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 35 | भमौरा आंवला रामनगर मार्ग | 30.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 36 | अखा मोड़ से बलई मझगवा होते हुए इस्माइलपुर मार्ग | 15.650 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 37 | मीरगंज जाम मार्ग | 5.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 38 | मीरगंज सिधौली सिहौर सहोडा मार्ग | 10.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 39 | आंवला से उसैता मार्ग | 5.805 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 40 | बामियाना रेलवे पोषक मार्ग | 1.988 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 41 | मकरन्दुपर रेलवे पोषक मार्ग | 0.300 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 42 | आंवला बदायूँ मार्ग | 8.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 43 | रामनगर टाण्डा मार्ग | 16.700 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 44 | रामनगर बाड़ा गांव मार्ग | 6.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | चम्पतपुर से रेवती बहोड़ खेड़ मार्ग | 1.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 46 | टांडा सिरौली मार्ग | 4.700 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 47 | आंवला विसौली मार्ग | 8.500 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 48 | देवचरा बल्लिया मार्ग | 6.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 49 | बल्लिया चांदपुर विशारतगंज मझगवां मार्ग | 16.500 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 50 | गैनी अखा मार्ग | 13.300 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 51 | रम्पुरा मोड़ से अलीगंज सिरौली मार्ग | 40.100 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 52 | मीरगंज सिरौली मार्ग | 8.300 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 53 | पैगा नगरी नैगवा मार्ग | 0.900 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 54 | मीरगंज दिवना मार्ग | 9.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 55 | पैगानगरी बहरौली मार्ग | 6.500 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 56 | मीरगंज सिधौली आबादी भाग | 0.400 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 57 | बरेली बागेश्वर मार्ग | 3.500 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 58 | बरेली बीसलपुर मार्ग | 5.180 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 59 | पीलीभीत बाईपास से चन्द्रपुर बिचपुरी मार्ग | 1.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 60 | कलक्टरबकगंज से जोगीठेर मार्ग | 5.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 61 | बुखारा मानपुर चकटिया फरीदपुर मार्ग | 19.700 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 62 | पीताम्बरपुर रेलवे पोषक मार्ग | 0.350 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 63 | फरीदपुर पडेरा मार्ग | 10.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 64 | बिलपुर पोषक मार्ग | 0.390 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 65 | टिसुआ शिवपुरी से नगरिया कला मार्ग | 10.300 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 66 | फतेहगंज दातागंज मार्ग | 5.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | चैबारी मार्ग | 2.300 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 68 | ए0एच024 से गौसगंज वाया सरांय धारमपुर होते हुये फतेहगंज दातागंज मार्ग | 23.200 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 69 | नकटी नारायनपुर क्योलडिया मधुनगला सन्नौर मार्ग | 9.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 70 | वीरपुर भदपुरा नकटी नारायनपुर मार्ग | 5.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 71 | फरीदपुर बीसलपुर मार्ग से मेहत्तपुर तिजा सिंह खनपुरा होते हुए मढैया मार्ग | 16.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 72 | बरेली बीसलपुर मार्ग से मगरासा भौवा बाजार क्योलडिया मार्ग | 17.700 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 73 | मान चकटिया रूरिया मार्ग | 7.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 74 | नवाबगंज बीजामऊ कटैया कैमुआ मार्ग | 19.100 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 75 | पीलीभीत बरेली बाईपास से डोरा लालपरु सिधाई गुरवान हाते हुए केसरपुर तक | 12.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 76 | नरियावल बिथरी चैनपुर मार्ग(नरियावल कुआ डांडा तिराहे तक) | 5.650 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 77 | रिठौरा भण्डसर से खाईखेडा मार्ग | 10.350 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 78 | बरखन क्योलडिया नहर पटरी मार्ग | 5.800 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 79 | नवाबगंज दलेलनगर बहरजागीर मार्ग | 16.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 80 | फरीदपुर बीसलपुर मार्ग | 19.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 81 | फरीदपुर भुता मार्ग | 15.500 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 82 | जुबैदा जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग | 17.600 | 50 | 70 | 60 | 60 |
| 83 | राजघाट सनेकपुर त्रिकुनिया मार्ग | 19.000 | 50 | 70 | 60 | 60 |

गति संबंधी उपरोक्त प्रतिबंध निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रभावी होगा–

(i) मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा–116 में विनिर्दिष्ट साइन बोर्ड प्रतिबंधित स्थान के दोनों छोर–प्रारम्भिक एवं अन्तिम बिन्दु पर तथा मध्य में भी जगह–जगह पर आई0आर0सी0 कोड के मानक के अनुसार संबंधित सड़क के स्वामित्व वाले विभाग द्वारा इस प्रकार लगाया जायेगा कि वाहन चालकों को

इसकी जानकारी व ज्ञान हो सके तथा वे रात्रि में भी चमके इसके लिए रेट्रो–रिफलेक्टिव टैप का प्रयोग किया जायेगा।

(ii) उक्त प्रतिबंध केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 के विनिर्दिष्ट निम्न प्रकार के वाहनों पर लागू नहीं होगा–

अ) अग्नि शमन वाहन।

ब) एम्बुलेंस।

स) पुलिस वाहन।

द) कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में लगे सैन्य बल तथा अर्ध सैन्य बल के लिये प्रयुक्त होने वाले वाहन।

य) प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन के लिये प्रयुक्त वाहन।

(iii) उपरोक्त तालिका के क्रमांक 3 में उल्लिखित स्थानों को छोड़कर जनपद के सभी मार्गो के अन्य क्षेत्रों (नगरीय निकायों की अधिकारिता क्षेत्र को छोड़कर) में केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, 1988 (1988 या 59) की धारा–112 की उप धारा (1) के अर्न्तगत भारत सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना संख्या 1377, दिनांक 06–04–2018, समय–समय पर यथा संशोधित, द्वारा निर्धारित अधिकतम गति सीमा यथावत लागू रहेगी।

आज्ञा से

(राजेश प्रताप सिंह)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी/
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, जनपद बरेली।

**संख्या 223 (1)/20–समदिनांकित**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

2– अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) यातायात निदेशालय, लखनऊ।

3– जिलाधिकारी, बरेली।

4– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली।

5– निदेशक छपाई एवं मुद्रण, राजकीय प्रेस, जनपद रामपुर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त अधिसूचना को राज्य सरकार के प्रकाशित होने वाले सरकारी गजट में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

6– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 बरेली/निर्माण खण्ड–1 लो0नि0विभाग, बरेली/निर्माण खण्ड भवन, लो0नि0वि0, बरेली।

7– राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।

आज्ञा से

03.06.2020

(राजेश प्रताप सिंह)
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी/
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी, जनपद बरेली।